# <u>संदेश</u>

लोक आस्था के पावन महापर्व छठ पूजा के अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देती हूँ।

छठ पूजा के पर्व के अवसर पर सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है। इस पर्व पर सूर्य उपासना के साथ ही नदियों , तालाबों व जलस्रोतों की आराधना की जाती है। हम प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और परिवार के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं।

यह पर्व स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता का संदेश देता है। समाज में एकता, सहयोग और सामूहिक सहभागिता की भावना को छठ पूजा और भी मजबूत करती है।

इस महापर्व के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों के सुख एवं समृद्धि की मंगलकामना करती हूँ।

****